www.bharatsamvad.in
सत्य का स्वर
स्वतंत्रता दिवस
R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

2 आंसू छलकाने वाली विभाजन की त्रासदी, दुखभरी कहानियों का कोई अंत नहीं
ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी दी 05

वर्ष :17 | अंक :135 | प्रयागराज , शुक्रवार 15 अगस्त , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1: 00 रुपए

किश्तवाड़ में बादल फटा, अब तक 38 लोगों की मौत

चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे, 65 को बचाया

हादसा

▸▸प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

एजेंसी

किश्तवाड़ , जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं।

कांग्रेस ने किश्तवाड़ में राहत और बचाव कार्य तेज करने की अपील की

कांग्रेस ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया। पार्टी ने कहा कि वहां राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस त्रासदी में कई लोगों की मौत से वह अत्यंत दुखी हैं। किश्तवाड़ ज़िले के चोसिटी गांव में बादल फटने में अब तक 2 जवानों समेत 33 लोगों की मौत हो गई है। 200 से ज्यादा से लोग लापता हैं।

'संविधान और लोकतंत्र हमारे लिए सर्वोपरि'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा भारत

अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, हर भारतीय बड़े उत्साह के साथ मनाता है। ये दिन हमें विशेष रूप से हमारे गौरवशाली भारतीय होने की याद दिलाते हैं।

एजेंसी

भारत शुक्रवार, 15 अगस्त को पूरे देशभक्ति के जोश के साथ अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस अवसर पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार शाम को राष्ट्र के नाम अपना वार्षिक संबोधन दिया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यह राष्ट्रपति मुर्मू का चौथा संबोधन है। अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, हर भारतीय बड़े उत्साह के साथ मनाता है। ये दिन हमें विशेष रूप से हमारे गौरवशाली भारतीय होने की याद दिलाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की सकल-घरेलू-उत्पाद-वृद्धि-दर के साथ भारत, दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के बावजूद, घरेलू मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बना हुआ है। निर्यात बढ़ रहा है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। सरकार, गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जो लोग गरीबी रेखा से ऊपर तो आ गए हैं लेकिन मजबूत स्थिति में नहीं हैं।

संक्षिप्त समाचार

कर्नाटक में उप तहसीलदार 20,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

लोकायुक्त पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ जिले में बंटवाल तालुका कार्यालय के एक उपतहसीलदार को 20,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकायुक्त कार्यालय ने बताया कि यह रिश्वत एक बिचौलिए के माध्यम से विरासत रिकॉर्ड बनाने के लिए ली जा रही थी। यह कार्रवाई साजीपमुन्नूर निवासी पुष्पराज की शिकायत पर की गई है जिसने अपनी दिवंगत मां के विरासत रिकॉर्ड के स्थानांतरण के संबंध में 2021 में बंटवाल तालुका कार्यालय में आवेदन किया था। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को बीसी रोड स्थित एक मंदिर के पास जाल बिछाया और उप तहसीलदार राजेश नाइक को बिचौलिए गणेश के माध्यम से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया। साथ में प्रथम श्रेणी सहायक संतोष को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

कौशांबी में 13 बंदर मृत पाए गए, जांच का आदेश

कौशांबी जिले के करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर बुधवार को 13 बंदर मृत मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। जिलाधिकारी कौशांबी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि करारी थाना क्षेत्र के भटवारिया गांव के बाहर आज 13 बंदरों के मृत पाए जाने की सूचना मिली। उनके मुताबिक, इस सूचना पर डीएफओ और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम मौके पर जांच के लिए गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही बंदरों की मौत का कारण पता चलेगा। हुल्गी ने बताया कि वन विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे सतर्कता बरतें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक गंगवार ने बताया कि पशु चिकित्सकों की टीम से मृत बंदरों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पोस्टमार्टम होने के बाद ही बंदरों की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

अवकाश की सूचना

आज स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 17 अगस्त 2025 को आएगा।

प्रबंधक

परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी की सोच विपक्ष पर हावी, केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित है विजन: सीएम योगी

आजादी की बातें करते हैं पर काम गुलामी वाला, विपक्ष का यही दोहरा चरित्र है उसका विजन: योगी आदित्यनाथ

- सीएम योगी ने कुएं के मेंढक से की विपक्ष की तुलना, बोले: जिसकी जितनी दृष्टि होगी वह उतना ही देख सकेगा
- बकिंघम पैलेस से क्वीन विक्टोरिया की बग्घी मंगाने वाले भला क्या स्वदेशी की बात करेंगे: सीएम योगी

एजेंसी

लखनऊ । विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर हमलावर दिखे। उन्होंने विजन 2047 को लेकर बहस में शामिल होने के लिए सभी सदस्यों के साथ विशेष तौर पर नेता विरोधी दल का स्वागत किया। उन्होंने विजन 2047 को प्रदेश में क्रियान्वित किए जाने को लेकर जारी चर्चा में विपक्ष पर कविताओं, रामचरितमानस की चौपाइयां और शायरी का प्रयोग करते हुए कटाक्ष किए। उन्होंने विजन 2047 को लेकर सवाल उठाने वाले विपक्ष पर तंज कसने के साथ ही 24 घंटे से अधिक समयावधि से जारी चर्चा को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करते हुए कहा कि ये उन लोगों की आंखें खोलने वाला है जो विधायिका पर अंगुली उठाते हैं। उन्होंने कहा कि यह अपने-अपने दृष्टिकोण की बात होती है। उत्तर प्रदेश भारत की ऊर्जा का केन्द्र बिन्दु है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आज उत्तर प्रदेश एक आशा और उम्मीद बन चुका है। उत्तर प्रदेश देश को नेतृत्व भी प्रदान कर रहा है। देश आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत की संकल्पनाओं को आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में, विजन 2047 विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नींव रखने वाला है। विकसित भारत में उत्तर प्रदेश कैसे विकसित हो, अगले 30 वर्षों की यात्रा का दृश्यावलोकन करने का सबसे अच्छा समय है ।विकास पर कम, सत्ता प्राप्ति पर ज्यादा केंद्रित है विपक्ष की सोचः सीएम योगीसीएम योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के लिए कहा कि वे काफी बुजुर्ग हैं, अनुभवी हैं।

सीएम योगी बोले: ये महाकाल का आसन है

माता प्रसाद पाण्डेय के समक्ष पंडित श्याम नारायण पाण्डेय की पंक्तियों को पढ़ते हुए सीएम योगी ने कहा कि यूपी की विरासत हर व्यक्ति नहीं पा सकता है, ये महाकाल का आसन है इस पर न किसी का शासन है। नित सिसक रहा कमलासन है, यह सिंहासन सिंहासन है। यह सम्मानित अधिराजों से, अर्चित है राज समाजों से। इसके पद रज पोंछे जाते हैं भूपों के सिर के ताजों से। इसकी रक्षा के लिए भी कुबार्नी पर कुबार्नी है। राणा तू इसकी रक्षा कर, ये सिंहासन स्वाभिमानी है। ये विरासत वही है जो काशी, अयोध्या, मां विध्यवासिनी धाम व चित्रकूट में देखने को मिल रही है। आपको पीड़ा होती है ये समझ आता है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन की बात हम अभी नहीं करेंगे क्योंकि विपक्ष तो पहले ही 2016 में कह चुका है कि वह दुर्योधन का स्मारक बनाएंगे।

वे पीडीए के पूरी तरह खिलाफ, पार्टी से निष्कासन के बाद सपा पर बरसीं विधायक पूजा पाल

- पूजा पाल को लिखे समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पत्र में लिखा है कि आपने पार्टी विरोधी गतिविधियाँ की हैं और चेतावनी दिए जाने के बाद भी आपने इन गतिविधियों को बंद नहीं किया, जिससे पार्टी को भारी नुकसान हुआ है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। चायल से सपा विधायक पूजा पाल द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीतिकी प्रशंसा करने के कुछ ही घंटों बाद, समाजवादी पार्टी ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता का हवाला देते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया। पूजा पाल को लिखे समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पत्र में लिखा है कि आपने पार्टी विरोधी गतिविधियाँ की हैं और चेतावनी दिए जाने के बाद भी आपने इन गतिविधियों को बंद नहीं किया, जिससे पार्टी को भारी नुकसान हुआ है। आपके द्वारा किया गया कार्य पार्टी विरोधी और गंभीर अनुशासनहीनता का मामला है। इसलिए आपको तत्काल प्रभाव से समाजवादी पार्टी से निष्कासित किया जाता है। हालांकि, विधायक पूजा पाल ने निष्कासन के बाद अपने बयान पर कायम रहते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि शायद आप प्रयागराज की उन महिलाओं की बात नहीं सुन पाए जो मुझसे भी ज्यादा परेशान थीं। लेकिन मैं उनकी आवाज हूँ, मुझे विधायक चुनकर विधानसभा भेजा गया है। मैं उन माताओं और बहनों की आवाज हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

सम्पादकीय

आत्मघाती राह पर अमेरिका, यूएस को बड़ी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी

टैरिफ नीति के पीछे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चाहे जो मंशा हो, लेकिन इससे किसी का कोई भला नहीं होने वाला। इसके जरिये देशों को निशाना बनाया जा रहा है और प्रतिस्पर्धा को कुंद किया जा रहा है। इसके चलते खुद अमेरिका के लिए मूल्य वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में गतिरोध और जवाबी कदम जैसे जोखिम बढ़ गए हैं। भारत में ट्रंप टैरिफ की बहुत चर्चा है। अमेरिका ने जिस तरह साफ्टवेयर एवं सेवाओं, मोबाइल फोन और दवाओं को इन प्रतिबंधों के व्यापक दायरे से दूर रखा है, वह यही दशार्ता है कि कहीं न कहीं उसे भी अपनी आर्थिकी पर इसके गंभीर असर की आशंका महसूस हो रही है। उसके निशाने पर मुख्य रूप से कपड़े, परिधान, फर्नीचर, बिस्तर, कालीन, मशीनरी, धातु, आभूषण, वाहन कलपुर्जे, पेट्रोलियम, झींगे और रसायन जैसे उत्पाद हैं। अमेरिका को लगता है कि इसके जरिये दबाव बढ़ाकर वह भारत को व्यापार समझौते के लिए विवश कर देगा। हालांकि वास्तविकता देखें तो हालात अमेरिका के उतने अनुकूल भी नहीं हैं। ऊंचे टैरिफ से भारत को कुछ कठिनाइयां जरूर झेलनी पड़ सकती हैं, पर अमेरिका को इसकी कहीं बड़ी आर्थिक कीमत चुकानी होगी। कपड़ों एवं परिधान के उदाहरण से इसे बखूबी समझा जा सकता है। इसे अक्सर भारत के सबसे नाजुक कारोबारी क्षेत्रों में गिना जाता है। भारत ने 2024-25 में 35 अरब डालर का कपड़ा एवं परिधान निर्यात किया। इसमें 8.4 अरब डालर निर्यात अमेरिका को किया गया। भारत के अन्य प्रमुख कपड़ा एवं परिधान बाजार यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, जापान, आस्ट्रेलिया और पश्चिम एशिया हैं। यूरोपीय संघ भी विशालकाय बाजार है। जहां अमेरिका 107 अरब डालर का आयात करता है, वहीं यूरोपीय संघ 400 अरब डालर सालाना से अधिक। इस बाजार में भारत के लिए व्यापक अवसरों के द्वार खुलने की संभावना है। ब्रिटेन ही 27 अरब डालर का आयात करता है। हाल में उसके साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते(एफटीए) के बाद भारतीय निर्यातकों को इस बाजार में चीनी आपूर्तिकताओं के मुकाबले 8 से 12 प्रतिशत का लागत लाभ हासिल होने की संभावना है। आस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते के चलते वहां भी यही स्थिति है। जापान और दक्षिण कोरिया भी चीन से खरीदारी से इतर विकल्प तलाशने में लगे हैं तो भारत शून्य या घटी हुई ड्यूटी के जरिये इस अवसर का लाभ उठा सकता है। अन्य उभरते हुए बाजारों में भी व्यापक अवसर हैं। भारत अपने निर्यात को न्यूनतम दीर्घकालिक नुकसान के साथ नए सिरे से संयोजित कर सकता है। सरकारी सहायता भी इस संक्रमण के दौर को सुगम बनाने में सहायक होगी। भारत का कुल निर्यात 825 अरब डालर के स्तर को पार करते हुए 6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है।

आज का विचार

मेष राशि: कार्यक्षेत्र में मधुर वाणी का प्रयोग करने से आपको लाभ मिलेगा और सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि भी प्राप्त हो सकती या किसी संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने की भी संभावना है।

वृषभ राशि: कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता से लाभ प्राप्त हो सकता है और रुके हुए जरूरी काम भी पूरे होने लगेंगे। किसी काम के अदल-बदल करने से भी आपको भरपूर लाग मिलने की संभावना है। ऐसे में आप कामकाज में भी ज्यादा व्यस्त रहेंगे, लेकिन भागदौड़ के समय सावधानी बरतनी जरूरी होगी। कोई चोट लगने की संभावना बनी हुई है।

मिथुन राशि: आपको दिन में शरीर से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है और इसका प्रभाव आपके कामकाज पर भी पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे में फिजूलखर्ची से बचें और कोई भी निवेश सोच-समझकर करें।

कर्क राशि: व्यापार के मामले में दिन शुभ रहेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम करने से अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। आपको भौतिक सुखों में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। ननिहाल पक्ष से भी आपको विशेष सहयोग प्राप्त हो सकता है।

सिंह राशि: आपका दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक तनाव और अशांति बनी रहने की संभावना है, जिसके चलते काम में भी आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

कन्या राशि: कार्यक्षेत्र में आप साहसी फैसले लेंगे और कठिन कार्यों को भी आसानी पूरा कर लेंगे। ऐसे में तनाव भी कुछ हद तक कम हो सकता है। माता-पिता की ओर से भरपूर सहयोग प्राप्त होने से भी आपके मुश्किल काम आसान हो सकते हैं।

तुला राशि: कारोबार और नौकरी के मामले में दिन शुभ रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। आपको गुरु के सहयोग से भी लाभ हो सकता है और नए कार्यों में निवेश करना भी शुभ रहेगा।

वृश्चिक राशि: किसी बात को लेकर आपका मन अशांत रह सकता है, जिसका असर कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज पर भी देखने को मिलेगा। व्यापार के मामलों में आपको अपेक्षा से कम लाभ प्राप्त हो सकता है

धनु राशि: आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में लाभ कमाने से आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है ज्ञान में वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में भी दिन अच्छा रहने वाला है और आप कुछ समय दान-पुण्य के कार्य में भी लगा सकते हैं। लेकिन सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी।

मकर राशि : बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन इसके साथ-साथ कुछ अनावश्यक खर्चे भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में बजट बनाकर चलना आपके लिए बेहतर रहेगा। व्यवसाय में आप अपने कार्यों को पूरा करने में लगे रहेंगे, जिससे रुके हुए जरूरी काम समय पर पूरे हो सकते हैं।

कुंभ राशि : व्यापार को लेकर आपके मन में नई योजनाएं आ सकती हैं और इसे लेकर चचाएं भी होना संभव है। सांसारिक सुख के साधनों में बढ़ोतरी होने की संभावना है और कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। इससे भविष्य में बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। परिवार के मामले में आपको कुछ सतर्क रहने की जरूरत है

मीन राशि: समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है और मनोबल भी बढ़ेगा। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से आपका कोई काम अटका हुआ था तो वह अब पूरी हो सकता है। परिवार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और संतान से जुड़ी समस्याएं भी दूर रहेंगे। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने से लाभ हो सकता है।

ज्योतिष सेवा केन्द्र
ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

आंसू छलकाने वाली विभाजन की त्रासदी, दुखभरी कहानियों का कोई अंत नहीं

> भारत आने के बाद समस्या यह थी कि जाया कहां जाए बसा कहां जाए काम क्या किया जाए। हमारे परिवार ने जगह-जगह धक्के खाए। वे श्रीगंगानगर भरतपुर और रोहतक गए। मेरा बड़ा भाई पढ़ने में अच्छा था लेकिन नियति ने ऐसा खेल खेला कि वह बिस्कुट बेचने लगा। उसके जैसे लाखों बच्चों ने सुनहरे भविष्य की कुबार्नी दी।

पा आज देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। 2021 से हर साल 14 अगस्त को विभाजन की त्रासदी को याद करने का उद्देश्य आज की पीढ़ी को उस विभीषिका के शिकार लोगों के दुख-दर्द से परिचित कराना और भारत के बंटवारे के सबक सीखना है, ताकि फिर कभी मानवता को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। भारत का बंटवारा मानव इतिहास की सबसे दुखद घटना है। इसमें लाखों परिवार स्वार्थ और नफरत की भेंट चढ़ गए। विभाजन की त्रासदी भयानक और दर्दनाक है। भविष्य के शासक सत्ता से समझौते के लिए कुछ भी करने को तैयार दिख रहे थे। उन्हें लगता था कि कहीं देर न हो जाए और उन्होंने जनता को इसका मूल्य चुकाने को विवश किया। तब अचानक लाखों लोगों को अपना सब कुछ छोड़कर अनजान इलाकों में भूखे-प्यासे भटकने पर मजबूर होना पड़ा। विभाजन के समय मेरी उम्र करीब साढ़े चार-पांच साल थी। उस समय की तमाम बातें मेरी यादों में हैं। ये यादें डराती हैं। हम झंग जिले के बाघ कुकारा गांव में रहते थे। एक सुबह अचानक शोर हुआ। मेरी 12 साल की बहन मुझे और मेरे दो साल के भाई को एक किले की ओर ले गई। वहां मेरे घर के अन्य सदस्य भी थे। मेरे पिता ने नम आंखों से हमारी गाय और उसके बछड़े को खूंटे से खोल दिया। उनके आंसू

अकारण नहीं थे। उन्होंने गाय को बच्चे की तरह पाला था। एक और धुंधली सी याद है कि हम जैसे-तैसे भाग कर गांव के पास रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां एक मालगाड़ी खड़ी थी। वह भारत जा रही थी। उसके एक डिब्बे का दरवाजा टूटा था। अभी पिताजी-चाचाजी सोच-विचार कर ही रहे थे कि क्या करें कि तभी अफवाह फैली कि हमला होने वाला है। जान बचाने के लिए सब उस डिब्बे में बैठ गए। गाड़ी चल दी, कुछ दूर जाने पर गाड़ी धीमी हुई। तभी कुछ लोग हमें मारने के लिए दौड़ लगाते दिखे। एक आदमी भाले के साथ मालगाड़ी के पीछे दौड़ा। उसने दरवाजे के पास बैठ मेरे पिता को निशाना बनाना चाहा। पिता कांसे का भारी लोटा लिए थे। उन्होंने उसे ही उस पर फेंका, जो उसे लगा और वह गिर गया। जब हम भारत की सीमा में आ गए और मालगाड़ी से उतरने के बाद भटक रहे थे तो पास के ईंट भट्ठे के मजदूर खाना बनाते दिखे। हमारे परिवार में उस समय लगभग 30 लोग थे। सभी भूख से व्याकुल थे। उन्होंने मजदूरों से पूछा कि क्या कहीं से आटा मिल जाएगा और क्या आप अपने बर्तन और चूल्हे का इस्तेमाल हमें करने देंगे? वे तैयार हो गए। पिता-चाचा आटा खरीदकर लाए और रोटियां बनाईं। अचानक वहां मिर्च का अचार बेचने वाला आ गया। उससे मिर्ची खरीदी गई और बड़ों को चार रोटी-चार मिर्ची और छोटों को दो रोटी-दो मिर्ची दी गई। भारत आने के बाद समस्या यह थी कि जाया कहां जाए, बसा कहां जाए, काम क्या किया जाए। हमारे परिवार ने जगह-जगह धक्के खाए। वे श्रीगंगानगर, भरतपुर और रोहतक गए। मेरा बड़ा भाई पढ़ने में अच्छा था, लेकिन नियति ने ऐसा खेल खेला कि वह बिस्कुट बेचने लगा। उसके जैसे लाखों बच्चों ने सुनहरे भविष्य की कुबार्नी दी। पिता बताया करते थे कि कैसे उन्होंने एक भैंस खरीदी और उसका दूध बेचकर गुजारा करने लगे। समय बीतने के साथ उन्हें पाकिस्तान में उनकी जमीन के बदले रोहतक के कलानौर गांव में कुछ जमीन मिली, पर वह कंकरीली थी। उसे खेती लायक बनाया गया। हमारा परिवार रोटी-कपड़े का मोहताज नहीं रहा। मैंने पाकिस्तान से आए किसी भी व्यक्ति को भीख मांगते नहीं देखा, पर उनकी दुखभरी कहानियों का कोई अंत नहीं। जो यह कहते हैं कि आजादी की लड़ाई में सिर्फ कांग्रेस ने बलिदान दिया, उन्हें उन लाखों परिवारों की ओर देखना चाहिए, जिन्होंने विभाजन की पीड़ा झेली। आज के अधिकांश नेताओं को क्या पता कि कांग्रेस ने क्या कुर्बानी दी और आम लोगों ने क्या झेला? जब मैं स्कूल जाने लगा तो मुझे भगोड़ा, रिफ्यूजी और न जाने क्या-क्या सुनना पड़ा। स्कूल जाने का सौभाग्य मेरे बड़े भाई-बहन को नहीं मिला। किसी तरह मैंने मैट्रिक पास किया। घर की हालत सुधरी नहीं थी। पिता ने मुझे एक संबंधी के यहां काम के लिए भेजना तय किया। मैं उनके यहां पांच साल काम करता, बदले में वे पिता को दस हजार रुपये देते। मैं पढ़ने की जिद कर रहा था। आखिर मेरा रोना रंग लाया। मुझे भेजने की योजना टाल दी गई। मैंने एमए और पीएचडी की और प्रोफेसर बना। हमारा सौभाग्य रहा कि विभाजन के दौरान हमारे परिवार के किसी व्यक्ति की जान नहीं गई। इसकी एक वजह यह भी रही कि हम जहां रहते थे, वहां समर्थ लोगों में गिने जाते थे। बाद में जैसे-जैसे स्थिति बिगड़ी, तो हम असहाय होते गए और अंततः वहां से जो कुछ हाथ में आया समेटकर भागने को विवश हुए। सबका भाग्य ऐसा नहीं था। मेरी नानी के गांव में हिंदुओं के 30-40 घर थे। वहां लोगों ने उनसे कहा कि अपनी लड़कियों का निकाह हमारे लड़कों से कर दो और कलमा पढ़कर मुसलमान बन जाओ। नानी के गांव के लोगों ने तय किया कि मर जाएंगे, पर न तो बहन-बेटियों का किसी से निकाह करेंगे और न मुसलमान बनेंगे। कोई उपाय न रहा तो उन्होंने दिल पर पत्थर रखकर अपनी बहन-बेटियों को मार कर जला दिया। चूंकि ऐसी रोंगटे खड़े करने वाली कहानियां न जाने कितनी हैं, इसलिए विभाजन की भयावहता को भूला नहीं जाना चाहिए।

हवा-पानी की आजादी के बिना आजादी अधूरी

ललित गर्ग

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेजी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आजादी मतलब स्वस्थ हवा पाना है। हमारे ह्वआजादीह्व को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आजादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आजादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आजादी मिली है?

आजादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज

बनती जा रही है। हवा-पानी की आजादी का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बबार्दी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है। दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार बहुत खराब या खतरनाक श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को जहरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है-तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे-ह्वअब भी खरे हैं तालाब।ह्व आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने अटल भूजल योजना, नल से जल और नदी पुनर्जीवन जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आजादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज सिर्फ.चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा।

चिंतन,संकल्प और श्रम जीवन में सफलता के प्रकल्प

संजीव ठाकुर

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।

79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय रेल ने बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया

हर घर तिरंगा अभियान में रेलवे कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी रही

भारत संवाद

रेलवे कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया; इस अभियान का उद्देश्य जनता में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना ह 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य, रेलवे बोर्ड के सचिव और रेलवे बोर्ड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आज रेल भवन में आयोजित 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल हुए। रेलवे कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान में रेलवे कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को भारत की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह पहल इस विचार से उत्पन्न हुई है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा जुड़ाव पारंपरिक रूप से व्यक्तिगत न होकर औपचारिक और संस्थागत रहा है। ध्वज को घर लाना तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का एक प्रतीकात्मक कार्य है और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इस अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।भारतीय रेल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया।

स्पष्ट रोडमैप पर आधारित है उत्तर प्रदेश का विजन 2047: नन्दी

राज्य के जीएसडीपी में मैनुफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 10.2 प्रतिशत से 40 प्रतिशत बढ़ाने का है लक्ष्य

- इलेक्ट्रानिक्स, सेमी कंडक्टर, डिफेंस, ईवी एवं ऑटोमोबाइल्स क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने की है योजना
- विजन 2047 पर 24 घंटे की चर्चा में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताई योजना

भारत संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर प्रदेश के महासंकल्प पर आधारित विजन 2047 पर चर्चा में सम्मिलित होते हुए अपने विचार रखे। मंत्री नन्दी ने कहा कि डबल इंजन वाली हमारी सरकार पहले दिन से ही उत्तर प्रदेश के समग्र विकास एवं अमूल चूल कायाकल्प के लिए प्रतिबद्ध है। कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 100 साल पूरे होने के स्वर्णिम अवसर पर विजन 2047 विकसित भारत का संकल्प 140 करोड़ भारतीयों के सामने रखा है। इस दिशा में हमारी सरकार ठोस एवं प्रभावी रोडमैप के साथ निरन्तर आगे बढ़ रही है।उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक, आर्थिक, औद्योगिक, अवस्थापना और बुनियादी विकास का रथ लगातार आगे बढ़ रहा है। 500 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के पश्चात अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। धारा 370 का घाव समाप्त हुआ। देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का सपना पूरा हुआ। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के समग्र औद्योगिक विकास विजन 2047 की प्राप्ति के लिए हमने बिन्दुवार लक्ष्य तय किए हैं। राज्य के जीएसडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 10.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 से 40 प्रतिशत तक बढ़ाना है। प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत नवीन कारखानों की वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ ही इलेक्ट्रानिक्स, सेमी कंडक्टर, डिफेंस, ईवी एवं ऑटोमोबाइल्स क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करना है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, वाटरवेज, एयर कार्गो सुविधाओं से एकीकृत करते हुए एक्सप्रेसवे एवं मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का विस्तार जैसे कदम शामिल है। इसके साथ ही विशेष निवेश क्षेत्र एवं एकीकृत औद्योगिक पार्कों के अंतर्गत दो लाख एकड़ से अधिक इण्डस्ट्रियल लैण्ड बैंक को क्रियाशील किया जाएगा। प्रदेश के स्टार्टअप इको सिस्टम को विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। जिससे इनोवेशन की सम्भावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। उत्तर प्रदेश का विजन 2047 एक स्पष्ट रोडमैप पर आधारित है। लक्षित निवेश, रणनीतिक वैश्विक सहभागिता, नीति आधारित सुशासन, विस्वस्तरीय अवस्थापना, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन हमारे रोडमैप पर आगे बढ़ते हुए भारत ऐट 2047 के संकल्प को साकार करने में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की यह यात्रा बिना रूके, बिना किसी बाधा से विचलित हुए निरन्तर आगे बढ़ रही है।

फास्ट ट्रैक

प्रयागराज मंडल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

9 प्रमुख स्टेशनों पर लगी विशेष प्रदर्शनी

भारत संवाद

आज दिनांक 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रयागराज मंडल में प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़, इटावा, टूंडला, मिजार्पुर, चुनार, फतेहपुर और सोनभद्र स्टेशन पर यात्रियों और आमजन को भारत के विभाजन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की झलक दिखाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। इन प्रदर्शनों में भारत विभाजन के दौरान हुई कठिनाइयों, पीड़ाओं और उस समय के ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रयास दर्शकों को उस समय की जटिल परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए किया गया था, ताकि हम अपने इतिहास को समझ सकें और उससे सीख ले सकें। इस अवसर पर कुछ स्टेशनों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके योगदान को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस अवसर पर कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर आयोजित भव्य ह्वतिरंगा रैलीह्व में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हुई। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य केवल इतिहास की स्मृतियों को संजोना नहीं है, बल्कि देशवासियों में एकता, सद्भाव और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करना भी है। हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे अतीत से सीख लेकर ही हम एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

ऑपरेशन सतर्क के तहत प्रयागराज जंक्शन पर अवैध शराब बरामद

भारत संवाद

प्रयागराज : दिनांक 13.08.2025 को प्रयागराज जंक्शन पर स्टेशन गस्त के दौरान उपनिरीक्षक संजय कुमार तिवारी व कांस्टेबल बिलाल अहमद ने पीएफ नंबर 4 और 5 पर संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पूछताछ पर व्यक्ति कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। उसके पास रखे कपड़े के झोले की जांच की गई, जिसमें 44 टेट्रा पैक (प्रत्येक 180 मिलीलीटर) ऑफि सर चॉइस व्हिस्की बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत 5,280 है। व्यक्ति ने अपना नाम रामा आसरे महतो, पिता पारो महतो, उम्र 35 वर्ष, पता मदरापुर, थाना तिगरा, जिला बेगूसराय, मोबाइल 8002373692 बताया। बरामद शराब के साथ आरोपी को RPF पोस्ट प्रयागराज लाया गया और सूचना आबकारी निरीक्षक, सेक्टर 1, प्रयागराज, श्री राजमणि प्रसाद को दी गई। आरोपी को रात 10 बजे RPF पोस्ट पर सुपुर्दगी नामा बनाकर आबकारी विभाग को सुपुर्द किया गया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और खुशहाल भारत का सपना हो रहा साकार : नन्दी

मंत्री नन्दी ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में दें आहुति

भारत संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अमर शहीदों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हमारे पुरखों ने जिस सशक्त, समृद्ध और खुशहाल भारत का सपना देखा था वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। जारी विज्ञप्ति एवं बधाई संदेश में मंत्री नन्दी ने कहा कि 15 अगस्त 1947 के दिन लम्बे संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद भारत के स्वाभिमान, स्वतत्रंता और नई पहचान का सूर्योदय हुआ था। यह दिन आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले माँ भारती के सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है स्वतंत्रता दिवस का यह दिन हमें राष्ट्रीय गौरव के साथ ही राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की भी याद दिलाता है।समस्त प्रदेशवासियों की जिम्मेदारी है कि नागरिक बोध के संकल्प के साथ भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने के महायज्ञ में अपनी आहुति डालें। अपने गौरवशाली अतीत के अनुरूप एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण करें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने मनाया भारत विभाजन विभीषिका दिवस

भारत संवाद

आज दिनांक 14 अगस्त 2025 दिन गुरुवार को ऋषभदेव नगर के स्वयंसेवकों ने त्रिवेणीपुरम गोल चौराहे पर भारत विभाजन विभीषिका दिवस मनाया इस अवसर पर सभी एकत्रित स्वयंसेवकों ने भारत मां की आरती गई और अखंड भारत का संकल्प लिया इस अवसर पर बोलते हुए नगर संघचालक अशोक कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्त करने के ठीक-एक दिन पूर्व 1947 में अंग्रेजों ने भारत माता के दोनों भुजाओं को काटकर हमे सौंपा था आज के दिन हमें यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम भारत माता के हो चुके टुकड़ों को धीरे-धीरे जोड़कर अखंड भारत बनाएंगे इस अवसर पर जोरदार नारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर कार्यवाह दीपक द्विवेदी सह नगर कार्यवाह मनीष कुमार शारीरिक प्रमुख पवन सिंह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख प्रमोद कुमार त्रिपाठी मनोज शुक्ला सिद्धार्थ मिश्रा व्यवस्था प्रमुख अनिल पांडे सुरेंद्र दुबे पंकज चतुवेर्दी प्रवेश श्रीवास्तव प्रभाकर द्विवेदी सुशील कुमार मिश्रा नागेंद्र पांडे सुभाष पांडे पुष्कर मिश्रा जगदीश नारायण शक्ति द्विवेदी विजय शंकर मिश्रा संतोष पांडे अनिल यादव हरिहर गुप्ता विजय श्याम भास्कर जयप्रकाश पटेल विजय शर्मा राम अचल पाल कौशल अजीत सिंह हरिप्रताप सुभाष कृष्णमूर्ति संजय सिंह हरिकेश शुक्ला दीपक पांडेय संजय तिवारी बुधई राम मौर्य सत्येंद्र त्रिपाठी अवधेश श्रीवास्तव सभाजीत सिंह आदि भारी संख्या में स्वयंसेवक और जन सामान्य के लोग उपस्थित रहे

प्रयागराज जंक्शन पर सघन टिकट चेकिंग अभियान - 2.94 लाख का जुर्माना वसूला

भारत संवाद

रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं नियमबद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर विशेष सघन टिकट चेकिंग अभियान संचालित किये जाते हैं। यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में चलाये जाते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य बिना टिकट एवं अनियमित टिकट यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा के प्रति जागरूक करना रहता है।इसी क्रम में दिनांक 13 अगस्त 2025 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री एस.के. गौतम के नेतृत्व में, मुख्य टिकट निरीक्षक (रेड) श्री संतोष कुमार, 14 टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ तथा जीआरपी कर्मियों की टीम ने प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 15 गाड़ियों में गहन चेकिंग अभियान चलाया।अभियान के दौरान कुल 463 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ?2,94,200/- का जुमार्ना वसूला गया।इनमें से 134 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 1,36,000/- का जुमार्ना और यात्री अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे 329 यात्रियों से 1,58,200/- का जुमार्ना वसूला गया।भारतीय रेल अधिनियम, 1989 के अंतर्गत बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट पर यात्रा करना दंडनीय अपराध है, जिसमें जुमार्ना, कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है। प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित यात्रियों से आग्रह करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

महापौर प्रयागराज और नगर आयुक्त प्रयागराज की अध्यक्षता में अवस्थापना विकास निधि की बैठक

भारत संवाद



प्रयागराज। चार कार्यो के साथ दो अन्य कार्यों पर लगी वित्तीय स्वीकृति की मुहर। नगर निगम प्रयागराज द्वारा अवस्थाना निधि के अन्तर्गत मा0 महापौर प्रयागराज तथा नगर आयुक्त प्रयागराज की अध्यक्षता बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान आवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत कराये गये निम्न कार्यों की द्वितीय किस्त की संस्तुति प्रदान की गयीः-

1. नाला/ नाली निर्माण/ मरम्मत कार्य,
2. नगर निगम मुख्यालय भवन के मरम्मत, जीर्णोंद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य,
3. नगर निगम मुख्यालय स्थित गेस्ट हाउस के मरम्मत एवं रेनोवेशन हेतु प्रस्ताव,
4. नगर निगम प्रयागराज के जोन 04 जोनल कार्यालय का निर्माण कार्य,

उक्त कार्यो की अनुमानित व्यय धनराशि कुल रू0-2717.87 लाख रुपए थी जिसके लिये पूर्व में अवस्थापना विकास निधि की बैठक के दौरान धनराशि रू0-1750.00 लाख ही स्वीकृत की गयी थी।उपरोक्त चार कार्यों हेतु वांछित धनराशि रू0-967.87 लाख की स्वीकृति बैठक के दौरान मा0 महापौर श्री उमेशचन्द्र गणेश केसरवानी तथा नगर आयुक्त प्रयागराज द्वारा दी गयी। बैठक के दौरान दो अन्य कार्यों- नगर निगम मुख्यालय में स्टोर एवं रिकार्ड रूम का निर्माण कार्य तथा करैलाबाग वर्कशाप मे फर्श आदि का निर्माण कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

बैठक के दौरान मा0महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, नगर आयुक्त प्रयागराज श्री साई तेजा, मुख्य अभियन्ता श्री डी0सी0सचान, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अपर जिलाधिकारी प्रयागराज, महाप्रबन्धक श्री कुमार गौरव, अधिशाषी अभियन्ता श्री शिवम मिश्रा एवं अवर अभियन्ता श्री राम सक्सेना उपस्थित रहे।

8 साल के बच्चे के गला पर गिरा कटवासा, मौत

जयसिंहपुर में पेड़ से चारा काटते समय हादसा, डॉक्टर ने मृत घोषित किया

भारत संवाद

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। गांव निवासी रमेश कुमार का 8 वर्षीय बेटा शुभम उर्फ प्रियांशु बकरियों के लिए चारा लेने पेड़ पर चढ़ा था। चारा काटते समय अचानक कटवासा छिटककर उसके गले पर गिर गया। इस हादसे में उसके गले पर गंभीर चोट आई और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। घर से बकरियों के लिए चारा लेने नन्हा बालक पेड़ पर चढ़कर कटवासे से चारा काटते समय अचानक कटवासा छूटकर उसके गर्दन पर आ गिरा। गले पर गहरे जख्म होने से बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर गांव में गुरुवार को दोपहर एक दुखद हादसा हुआ। जब गांव निवासी रमेश कुमार का 8वर्षीय बेटा शुभम उर्फ प्रियांशु बकरियों को चारा लेने पेड़ पर चढ़ा था। कटवासे से चारा काटते समय अचानक कटवासा छिटक कर उसके गले पर आ गिरा।

इंटर कॉलेज में भारोत्तोलन प्रतियोगिता

सीनियर, जूनियर और सब–जूनियर वर्ग में छात्र–छात्राओं ने दिखाया दम

सुलतानपुर, श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, कलान, सुलतानपुर में 14 अगस्त 2025 को जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन का महत्व समझाया। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। इनमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग शामिल थे।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा स0ः पी आर वाइ जे-सिग-012-2025-26

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा नं. : 012	अनुमानित मूल्य : 14551634.21
कार्य का विवरण : प्रयागराज मण्डल के चुनार-चोपन खण्ड में 195/6-7 कि0मी0 पर समपार फाटक संख्या 23 और 192/4-5 कि0मी0 (लूसा-खैराही) पर समपार फाटक संख्या 24 का इण्टरलॉकिंग।	
बिड सिक्यूरिटी : 222800.00	निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00
कार्य समापन की अवधि : बारह माह	निविदा खुलने की तिथि : 09.09.2025
निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता : निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।	
निविदा खुलने का समय, तथा स्थान : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 1458/25 (C)	

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

सं. 797-ई/सेट/वेल/पेंशन अदालत/भाग-II/उमरे दिनांकः 31.07.2025

अधिसूचना

मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, द्वारा पेंशन अदालत-2025 का आयोजन

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे/प्रधान कार्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक **15 दिसंबर 2025** को पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। केवल उत्तर मध्य रेलवे/मुख्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक कर्मचारियों के आश्रित, यदि उन्हें सेवानिवृत्त देय या पेंशन से सम्बंधित कोई शिकायत है तो, अपना आवेदन नीचे दिये गये आवेदन प्रारूप में दिनांक- **31.10.2025** तक दो प्रतियां निम्नलिखित पते पर उपलब्ध करायें।

पता जिस पर आवेदन भेजना है।	आयोजन स्थल
सहायक कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, जी, ब्लॉक, मन्दाकिनी परिसर, सूबेदारगंज, प्रयागराज, पिन संख्या 211015	अरावली सभागार, उत्तर मध्य रेलवे सूबेदारगंज, प्रयागराज

आवेदन का प्रारूपः

1. आवेदक/आवेदिका का नाम- **2.** पूर्व कर्मचारी का नाम- **3.** पदनाम एवं अंतिम कार्यस्थल- **4.** पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का संबंध- **5.** वर्तमान पता- **6.** सेवानिवृत्त/मृत्यु की तिथि- **7.** सेवानिवृत्ति के प्रकार (सामान्य/स्वैच्छिक के (सामान्य/सवैच्छिक/अनिवार्य/मृत्यु)-**8.** पी.पी.ओ. सं. (छायाप्रति संलग्न की जाय)- **9.** अंतिम वेतन एवं वेतनमान- **10.** शिकायतों का विस्तृत विवरण- **11.** मोबाईल नं.- **12.** ईमेल आईडी-

नोटः- कृपया लिफाफे के उपर "पेंशन अदालत-2025" का उल्लेख अवश्य करें।

(जितेन्द्र सिंह)

1465/25 (MG) सहायक कार्मिक अधि./मुख्यालय कृते महाप्रबंधक/कार्मिक, उमरे/प्रयागराज

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

GeM बिड संख्या : GEM/2025/B/6558368 Dated-13.08.2025	
कार्य का नाम : प्रयागराज कोचिंग डिपो और परिसर क्षेत्र की मशीनीकृत/मैन्युअल सफाई का व्यापक कार्य चार वर्षों की अवधि के लिए I	
कार्य का अनुमानित लागत (रू. में) : ₹ 43654361	EMD : ₹ 368280
प्री बिड मीटिंग की तिथि एवं समय : 28.08.2025 को 13:00 बजे	
GeM बिड संख्या : GEM/2025/B/6558426 Dated-13.08.2025	
कार्य का नाम : कानपुर कोचिंग डिपो और परिसर क्षेत्र की मशीनीकृत/मैन्युअल सफाई का व्यापक कार्य चार वर्षों की अवधि के लिए I	
कार्य का अनुमानित लागत (रू. में) : ₹ 41648032	EMD : ₹ 358240
प्री बिड मीटिंग की तिथि एवं समय : 28.08.2025 को 15:00 बजे	
निविदा सिस्टम : दो पैकेट सिस्टम	ई निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य
कार्य की अवधि : 04 वर्ष	GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 13.08.2025
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 08.09.2025 को 15:00 बजे	

नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा बंद होने की नियत तिथि तक I 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 7. प्री-बिड मीटिंग का स्थान- वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) प्रयागराज का कार्यालय, डीआरएम कार्यालय, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज 211001 8. जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। 1454/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

दिनांक : 12.08.2025

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है-

ई निविदा सूचना संख्या : NCR-M-PRYJ-RMPU-09-25	निविदा सिस्टम : सिंगल पैकेट सिस्टम
कार्य का नाम : प्रयागराज और कानपुर कोचिंग डिपो के LHB एसी कोच में FRP RMPU ट्रफ को हटाने और स्टेनलेस स्टील ट्रफ असेंबली की आपूर्ति और फिटमेंट I	
कार्य का अनुमानित लागत रू में : 5616000	बिड सिक्योरिटी : 112300
ई निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य	कार्य की अवधि : 18 माह
IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 12.08.2025	
निविदा बंद होने की तिथि : 04.09.2025	
ई निविदा सूचना संख्या : NCR-M-PRYJ-MFPL-10-25	निविदा सिस्टम : सिंगल पैकेट सिस्टम
कार्य का नाम : प्रयागराज और कानपुर कोचिंग डिपो के LHB कोच में 150 ली. आक्जिलारी रिजर्वायेर जोड़ने वाली फीड पाइप लाइन और एयर सस्पेंशन लाइन में संशोधन I	
कार्य का अनुमानित लागत रू में : 1,05,26,544	बिड सिक्योरिटी : 2,02,600
ई निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य	कार्य की अवधि : 12 माह
IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 12.08.2025	
निविदा बंद होने की तिथि : 04.09.2025	

नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगा I 2. ऑनलाइन ई-निविदा केवल IREPS वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा की जा सकती है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। 4. न्यूनतम पात्रता मानदंडः इस निविदा में लागू है। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइड की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1450/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

दो पूर्व एमएलसी भाइयों और बेटों पर मुकद्दमा दर्ज

- अदालत ने किया था मुकदमे का प्रार्थना पत्र निरस्त
- सीओ और दरोगा दे चुके थे अदालत को मुकद्दमा नहीं करने की रिपोर्ट

भारत संवाद

सहारनपुर । पुलिस ने दो पूर्व एमएलसी भाइयों और चार बेटों के खिलाफ मुकद्दमा कायम किया है । अदालत में पूर्व एमएलसी और इन बेटों के खिलाफ मुकदमे के लिए आवेदन किया गया था। दरोगा और सीओ ने अदालत को लिखकर दिया के मुकदमे की जरूरत नहीं है। थाने और सीओ की रिपोर्ट के आधार पर अदालत मुकद्दमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया था।हैरत की बात ये है कि लेकिन फिर पुलिस ने आनन - फानन में चार साल पुराने मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया। 23 जून को मिजार्पुर पोल के रहने वाले सुरेंद्र कुमार ने विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 2021 में वह जब अपने खेत पर गए तो उन्हें वहां से पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल, उनके भाई पूर्व एमएलसी महमूद और बेटों ने भगा दिया ।मारपीट की और पांच हजार रुपए भी लूट लिए। आरोपियों ने उनसे कहा कि उन्होंने जमीन को खरीद लिया है ।बाद में जब उन्होंने तहसील से पता किया तो मालूम चला कि पिता के फर्जी तरीके से दस्तखत कर जमीन का बैनामा करा लिया है । इस मामले में अदालत ने थाना मिजार्पुर से रिपोर्ट मांगी। मिजार्पुर के हलका इंचार्ज एसआई भूपेश शर्मा ने अदालत को रिपोर्ट दी। लिखा कि मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। इसलिए अब मुकदमे की जरूरत नहीं है। इसी तरह ही सीओ मुनीश चंद्र ने भी अदालत को विस्तृत जांच के बाद लिखा कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। इसलिए मुकदमे की आवश्यकता नहीं है। उधर थाने और सीओ की रिपोर्ट आने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई की। अदालत में वादी के अधिवक्ता ने भी मुकद्दमा दर्ज नहीं करने को कहा। इसके बाद 7 जुलाई को अदालत ने मुकदमे के आवेदन को निरस्त कर दिया। हैरत की बात तो ये है कि इतना सब होने के बाद भी पुलिस ने अचानक 13 अगस्त को इस मामले ने पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल, उनके भाई पूर्व एमएलसी महमूद और उनके चार बेटों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर लिया। पूर्व एमएलसी की पत्नी ने सीएम और चीफ जस्टिस से की शिकायत इस मामले को लेकर पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की पत्नी फरीदा बेगम ने मुख्यमंत्री, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को शिकायत भेजी है। इसमें बताया कि उसके परिवार के खिलाफ यह झूठा मामला दर्ज कराया गया है।

मेला गुघाल का 3 करोड़ 53 लाख 38 हजार आय का बजट पेश

एक करोड़ 24 लाख 45 हजार का व्यय बजट भी रखा

भारत संवाद

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम कार्यकारणी की बैठक में आज मेला गुघाल का तीन करोड़ 53 लाख 38 हजार आय तथा एक करोड़ 24 लाख 45 हजार व्यय का बजट पेश किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मेले के व्यय में करीब 40 लाख की वृद्धि की गयी है। बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारणी के 06 नवनिर्वाचित पार्षदों को महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा शपथ दिलायी गयी। कार्यकारणी द्वारा पार्षद मयंक गर्ग को सर्व सम्मति से उपसभापति चुना गया। महापौर ने उपसभापति मयंक गर्ग का माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया और बधाई दी। पार्षद दिग्विजय चौहान का भी पार्षद दल नेता के रुप में माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में नवनिर्वाचित पार्षद मंसूर बदर, मयंक गर्ग, कु.ज्योति अग्रवाल, अभिषेक सिंह उर्फ टिंकू अरोड़ा, सुलेख चंद व आरती को महापौर ने शपथ दिलायी और माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया गया। उसके बाद उपसभापति का चुनाव हुआ।बैठक में लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने तीन करोड़ 53 लाख 38 हजार आय तथा एक करोड़ 13 लाख 66 हजार व्यय का बजट पेश किया गया। जिसमें कार्यकारणी समिति ने मेले को भव्य बनाने के लिए 10 लाख 77 हजार व्यय की वृद्धि के साथ बजट पारित किया।इस प्रकार एक करोड़ 24 लाख 45 हजार व्यय का बजट पारित किया गया। बजट में मेले में स्वच्छता के लिए 18 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी हैं। बताया गया कि 150 कर्मचारी बावर्दी 24 घण्टे सफाई के लिए तैनात रहेंगे। मेले में बड़ी स्क्रीन भी लगायी जायेगी ताकि चलते-फिरते लोग पूरे मेले का आनंद ले सकें।

धराली, उत्तरकाशी के लिए परमार्थ निकेतन से राहत सामग्री की दूसरी खेप रवाना

भारत संवाद

ऋषिकेश। धराली, उत्तरकाशी और आसपास के क्षेत्रों में आयी आपदा के बाद का मंजर आज भी वहां के निवासियों के दिलों में ही नहीं पूरे भारत के दिल में गहरा दर्द छोड़ गया है। न जाने कितने घर उजड़ गए, कितनी यादें मलबे में दब गईं और कितने सपने टूट गए। इस कठिन घड़ी में हम सभी प्रेम, करुणा और सेवा की भावना के साथ राहत और सहारा पहुंचाने का संकल्प ले तो इस दर्द को थोड़ा कम किया जा सकता है।आज, मां गंगा और स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के आशीर्वाद से, धराली के प्रभावित भाई-बहनों के लिए राहत सामग्री की दूसरी खेप परमार्थ निकेतन से रवाना की गई। इस खेप में राशन, दवाइयां, कपड़े, साडियां, कम्बल, सेनेटरी नैपकीन, साबुन, टूथपेस्ट, ब्रश, हैंडवाश और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। यह सिर्फ सामग्री नहीं, बल्कि इसमें जुड़ा है प्रेम, अपनापन और यह विश्वास कि ह्लआप अकेले नहीं हैं, पूरा भारत आपके साथ खड़ा है।

सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं अखंड भारत संकल्प दिवस का आयोजन

भारत संवाद

सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं अखंड भारत संकल्प दिवस का आयोजन बड़े ही श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अखंड भारत के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। कार्यक्रम में छात्रा अंशिका मिश्रा ने विभाजन विभीषिका की गाथा सुनाई, वहीं छात्रा आरजू यादव ने अखंड भारत संकल्प दिवस के उद्देश्य को समर्पित देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया













भारत संवाद परिवार 1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एवं मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा। फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214, 9935750291, E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।

ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी दी

कहा- बातचीत के बाद जंग नहीं रोकी तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन जंग पर चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर पुतिन शुक्रवार को होने वाली बातचीत के बाद भी जंग खत्म करने पर राजी नहीं होते हैं तो उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। उनका यह बयान बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आया। ट्रम्प और पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रही जंग को खत्म करना है। दोनों नेता पहली बार अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। ट्रम्प ने बुधवार को ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इस मीटिंग में ट्रम्प ने कहा कि जंग को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों को जमीन की अदला-बदली करनी पड़ सकती है। इस पर यूरोपीय नेताओं ने ट्रम्प को समझाने की कोशिश

की कि 15 अगस्त को उनकी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात में ऐसा कोई समझौता न हो, जिससे यूक्रेन को नुकसान पहुंचे। जेलेंस्की ने बैठक के दौरान कहा कि पुतिन धोखा दे रहे हैं।

वो यह दिखावा कर रहे हैं कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा हैं और ये कारगर नहीं हैं। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोनबास क्षेत्र की जमीन रूस को सौंपने के सवाल पर जेलेंस्की ने साफ कहा कि वे अपनी जमीन नहीं छोड़ रहे हैं।

पहले युद्धविराम होना चाहिए और फिर सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की जमीन के बारे में कोई भी फैसला बिना यूक्रेन की सहमति के नहीं हो सकता।

मेरी पोजिशन नहीं बदलेगी। एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि उनके पास अपनी देश की जमीन छोड़ने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने आगे कहा- पहले युद्धविराम होना चाहिए, फिर मजबूत सुरक्षा गारंटी दी जानी चाहिए। रूस को यूक्रेन के यूरोप या नाटो में शामिल होने की संभावनाओं पर वीटो लगाने का अधिकार नहीं होना चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि पुतिन शांति नहीं चाहते, वे यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं।

पुतिन किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते। दरअसल, यूरोप और यूक्रेन को डर है कि ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई ऐसा समझौता हो सकता है, जिससे रूस को यूक्रेन का करीब पांचवां हिस्सा मिल सकता है। इस बैठक में फिनलैंड, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, पोलैंड, यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेता और नाटो महासचिव मार्क रूट भी मौजूद थे। यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे पुतिन को यूक्रेन में नागरिकों पर हमले रोकने के लिए मना सकते हैं, तो उन्होंने कहा-शायद नहीं, क्योंकि मैंने पहले भी यह बात की है। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं इस युद्ध को खत्म करना चाहता हूं।

यह बाइडेन का युद्ध है, लेकिन मैं इसे खत्म करने पर गर्व महसूस करूंगा, जैसे मैंने पिछले छह महीनों में पांच युद्ध खत्म किए। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पुतिन जंग रोकने पर सहमत नहीं होते, तो रूस को खतरनाक अंजाम भुगतने होंगे।

फ्रांस ने अपने ऐलान से पाकिस्तान में मचा दी भगदड़

एजेंसी

हमने राफेल गिराए, हमने राफेल गिराए, हमने राफेल गिराए...ये सुन-सुनकर पूरी दुनिया के कान पक गए। लेकिन पाकिस्तान ने आज तक ये नहीं बताया कि कहां गिराए और कैसे गिराए और कब गिराए। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम को करीब-करीब दो महीने बीत चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान ने राफेल को लेकर दुनियाभर में अफवाह फैलाई। पाकिस्तान झूठ की हांडी पका रहा है और उसका सदाबहार दोस्त चीन इससे मुनाफा कमा रहा है। इसका खुलासा फ्रांस की खुफिया एजेंसियों ने किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने सुनियोजित तरीके से राफेल को लेकर अफवाह फैलाई। इसके लिए चीनी

एबेंसी और पाकिस्तानी दूतावास का इस्तेमाल किया गया। अफवाह फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर एक हजार फर्जी अकाउंट बनाए गए। पाकिस्तानी पत्रकार ने खुद खुलासा करते हुए कहा कि उनका मकसद है कि राफेल जहाज के खरीदारों को इसे खरीदने से दूर रखा जाए और ये बात साबित की जाए चीनी की फाइटर जेट फ्रेंच फाइटर जेट से टेक्नोलॉजिकली बेहतर है। इस कदम से फ्रेंच ऑफिसर्स काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि भारत पाकिस्तान के बीच जंग हुई तो उस दौरान कोई 1000 नए सोशल मीडिया अकाउंट

> ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने सुनियोजित तरीके से राफेल को लेकर अफवाह फैलाई। इसके लिए चीनी एबेंसी और पाकिस्तानी दूतावास का इस्तेमाल किया गया। अफवाह फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर एक हजार फर्जी अकाउंट बनाए गए। पाकिस्तानी पत्रकार ने खुद खुलासा करते हुए कहा कि उनका मकसद है कि राफेल जहाज के खरीदारों को इसे खरीदने से दूर रखा जाए और ये बात साबित की जाए चीनी की फाइटर जेट फ्रेंच फाइटर जेट से टेक्नोलॉजिकली बेहतर है।

बनाए गए और इन अकाउंट्स के जरिए राफेल जहाज के खिलाफ प्रोपोगेंडा किया गया। जिससे इन जहाजों की जहाजों की टेक्नोलॉजिकल सुप्योरिटी को छोटा साबित किया जाए। अब सवाल ये उठता है कि राफेल को बदनाम करके चीन और पाकिस्तान को भला क्या फायदा होने वाला था। इसकी वजह चीन का कबाड़ फाइटर जेट जे 10सी है। दरअसल, जे 10सी चीन का वो अव्वल दर्जे का घटिया फाइटर जेट है जिसे चीन पिछले पांच साल से तैयार करके बैठा है। मगर इसके लिए ग्राहक ढ़ंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं। कर्जा वापसी की धमकी देकर उसने पाकिस्तान को जैसे तैसे 100 फाइटर जेट चेपने की कोशिश की थी। मगर पाकिस्तान भी 36 से ज्यादा जे10सी नहीं खरीद पाया। लिहाजा 100 में से 64 जे10सी अब भी चीन के गोदाम में जंग खा रहे हैं। लिहाजा इन विमानों को ठिकाने लगाने के लिए चीन ने पाकिस्तान के साथ मिलकर साजिश रची और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल विमान को मार गिराने की अफवाह फैला दी।

चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स तैयार करेगा पाकिस्तान

पीएम शहबाज का दावा– इससे दुश्मन के हमले का तुरंत जवाब मिलेगा

एजेंसी

इस्लामाबाद, ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तान ने चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स बनाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर (13 अगस्त की रात) आर्मी रॉकेट फोर्सेस को बनाने का ऐलान किया। शरीफ के मुताबिक नई फोर्स का मकसद आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मुताबिक देश की रक्षा क्षमता को बढ़ाना है। इसमें मिसाइल और रॉकेट तकनीक को एक साथ जोड़ा जाएगा ताकि दुश्मन के खतरे का तुरंत जवाब दिया जा सके। शहबाज शरीफ ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को कड़ा सबक सिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इसे भारत की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।



साथ ही उन्होंने सीजफायर के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शुक्रिया अदा किया। शरीफ ने दावा किया कि चार दिन चले सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत का घमंड तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हमारी बहादुर सेना ने दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। शरीफ ने कहा कि गाजा की खून से भीगी गलियों और कश्मीर की घाटियों में आज भी आजादी की लड़ाई जारी है। शरीफ ने सभी दलों से राजनीतिक मतभेद, निजी स्वार्थ और खोखले नारों से ऊपर उठकर देश के लिए एकजुट होने की अपील की।

इस मौके पर राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, तीनों सेनाओं के प्रमुख, और कई राष्ट्रीय व विदेशी मेहमान मौजूद थे। शरीफ ने चीन, सऊदी अरब, तुर्किये, अजरबैजान, यूएई, और ईरान जैसे देशों को भारत के साथ संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। शरीफ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इस लड़ाई में 90,000 लोग मारे गए और 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार में महंगाई 34% से घटकर 5% और ब्याज दर 21% से 11% हो गई है। शरीफ ने कहा कि हर किसी को विरोध, आलोचना और राजनीति का अधिकार है। लेकिन दंगे, तोड़फोड़, गालियां और राज्य के खिलाफ बगावत किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शरीफ का यह बयान रावलपिंडी की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके समर्थक के लिए था। हाल ही इमरान समर्थकों और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के कार्यकताओं ने इमरान की रिहाई के समर्थन प्रदर्शन किए थे।

अमेरिका अन्य क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने की नयी संभावनाएं तलाश रहा : रुबियो

एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका देश दुलर्भ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाशने को उत्सुक है। रुबियो का यह बधाई संदेश ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों में कई वर्षों तक तनाव रहने के बाद सुधार हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा, हम दुर्लभ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग की नयी संभावनाओं की तलाश करने और गतिशील व्यापारिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं, जो अमेरिकियों और पाकिस्तानियों के लिए समृद्ध भविष्य को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा, अमेरिका आतंकवाद-

रोधी उपायों और व्यापार के क्षेत्र में पाकिस्तान की भागीदारी की गहराई से सराहना करता है। रूबियो द्वारा पाकिस्तान की यह सराहना ऐसे समय की गई है जब पिछले हफ्ते ही पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने गत दो महीने में अमेरिका की दूसरी यात्रा की है। मुनीर ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान वहां के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की थी। इससे पहले, पाकिस्तान और अमेरिका ने शुल्क पर मतभेदों को सुलझाया था। अमेरिका ने पाकिस्तानी वस्तुओं पर 19 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। इस सप्ताह, दोनों पक्षों ने इस्लामाबाद में आतंकवाद

> मुनीर ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान वहां के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की थी। इससे पहले, पाकिस्तान और अमेरिका ने शुल्क पर मतभेदों को सुलझाया था।

का मुकाबला करने के लिए वार्ता की। वार्ता के दौरान दोनों पक्ष बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), आईएसआईएस-खोरासन और तालिबान सहित प्रमुख आतंकवादी समूहों से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले...

विपक्ष पर ललन सिंह का सीधा वार

एजेंसी

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती है कि गैर-भारतीय भी वोट दें। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के आम लोग बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से खुश हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि विपक्ष चाहता है कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भी वोट दें। वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले। बिहार में किसी ने भी सर की आलोचना नहीं की। आम लोग इससे खुश हैं। इस बीच, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा, राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका

> केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि विपक्ष चाहता है कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भी वोट दें। वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले। बिहार में किसी ने भी सर की आलोचना नहीं की। आम लोग इससे खुश हैं।

सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश आ जाना चाहिए। रिजिजू बिहार में सुप्रीम कोर्ट की रकफ टिप्पणी का ज़िक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन को सही ठहराया था और माना था कि आधार कार्ड नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं है। यह कहते हुए कि कांग्रेस में कई बुद्धिमान लोग हैं, किरेन रिजिजू ने उनसे राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस में भी कुछ चतुर लोग हैं; सभी राहुल गांधी जैसे नहीं हैं। उन्हें एकजुट होकर राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देनी चाहिए।

राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए उस वीडियो के बारे में, जिसमें वे चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए लोगों से मिल रहे हैं

'किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे'

पाकिस्तानी नेताओं की नफरती टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय

एजेंसी

भारत ने पाकिस्तान को नयी दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है। उन्होंने कहा, अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना

पाकिस्तानी नेतृत्व का जगजाहिर तौर-तरीका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान को आगाह किया जाता है कि वह अपनी बयानबाजी पर संयम रखे क्योंकि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे, जैसा कि हाल ही में प्रदर्शित किया गया है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को परमाणु धमकी जारी करते हुए कहा कि अगर भविष्य में भारत के साथ

> भारत ने पाकिस्तान को नयी दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है।

संघर्ष में अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ा तो वह आधी दुनिया को तबाह कर देगा। भारत ने टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि देश राष्ट्रीय सुरक्षा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। प्रिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने सिंधु नदी पर भारत के तटबंध को नष्ट करने की भी धमकी दी और कहा कि एक बार बांध बन जाने से पाकिस्तान उस पर मिसाइलें दागेगा।

न्यायालय ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

> उच्चतम न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। यह अनुच्छेद पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को एक विशेष दर्जा देता था।

एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्र से जवाब देने को कहा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर भी गौर किया कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई विचार शामिल हैं। पीठ ने शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता अहमद मलिक द्वारा दायर याचिका को आठ सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जब भट्ट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया, तो सीजेआई ने कहा, पहलगाम में जो हुआ उसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते... निर्णय लेना संसद और कार्यपालिका का काम है। उच्चतम न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। यह अनुच्छेद पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को एक विशेष दर्जा देता था।

'राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं'

विपक्ष के नेता पर किरेन रिजिजू का तंज

> मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश में आना चाहिए।

एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश में आना चाहिए। रिजिजू बिहार में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला दे रहे थे, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन को सही ठहराया गया था और यह स्वीकार किया गया था कि आधार कार्ड नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं है। कांग्रेस में कई बुद्धिमान लोगों की मौजूदगी का ज़िक्र करते हुए, किरण रिजिजू ने उनसे राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस में भी कुछ चतुर लोग हैं; सभी राहुल गांधी जैसे नहीं हैं। उन्हें एकजुट होकर राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देनी चाहिए। राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए उस वीडियो के बारे में, जिसमें वे चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए लोगों से मिले थे, किरण रिजिजू ने इसे नाटक बताते हुए दोहराया कि चुनाव आयोग का काम मृत लोगों के नाम हटाना और नए मतदाताओं के नाम जोड़ना है। रिजिजू ने कहा कि चुनाव आयोग के 3-4 दिशानिर्देश हैं। हर राज्य में चुनाव आयुक्त अधिकारी होते हैं जो राज्य सरकार के अधीन होते हैं। वे चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया आजादी के बाद से चली आ रही है और होनी भी चाहिए। यह सुनिश्चित करती है कि मृत लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाएँ। तो फिर राहुल गांधी चाय पीने का नाटक क्यों कर रहे हैं? एसआईआर का उद्देश्य मृत लोगों के नाम हटाना और नए मतदाता जोड़ना है, राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार के कुछ 'मृत' मतदाताओं के साथ चाय पीते हुए एक वीडियो साझा किया और इस अनूठे अनुभव के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। मतदाताओं के एक समूह ने कांग्रेस सांसद से मुलाकात की और बताया कि कैसे चुनाव आयोग ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और कैसे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सहारनपुर को और अधिक सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए आओ हम संकल्प लें-
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025
• हम शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने घर/दुकान/प्रतिष्ठान का कूड़ा नाली व नालों में नहीं बहायेंगे और सड़क पर इधर–उधर नहीं बिखेरेंगे।
• हम अपने घर/दुकान/प्रतिष्ठान का कूड़ा–कचरा नगर निगम की गाड़ी या कर्मचारी को ही देंगे।
• हम शहर के जल स्त्रोतों को दूषित नहीं करेंगे और अपने सीवर को नाले–नालियों में नहीं बहायेंगे
• हम आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करेंगे, अनावश्यक दोहन नहीं करेंगे।
• हम अपना जलकर व गृहकर समय से जमा करायेंगे।
• हम प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करेंगे।
• हम शहर को सुंदर बनाने के लिए वृक्षारोपण करेंगे और पौधों व वृक्षों की रक्षा करेंगे।
अपनी पानी, बिजली, सफाई व सीवर आदि समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के कंट्रोल रुम नंबर 8477008015, 8477008027, 8477008057, व 1533 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
शिपू गिरि (आईएएस)
नगर आयुक्त
डॉ. अजय कुमार
महापौर
नगर निगम सहारनपुर
Follow Us
Toll Free No. : 1533 / 1800 180 3316

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
सुनीता शर्मा अध्यक्ष
नगर पंचायत पिसावा (अलीगढ)
राजबाबू शर्मा (अध्यक्ष पति)
नगर पंचायत पिसावा (अलीगढ)

Saroj-Vidyashankar Inter College
SAROJ-VIDYASHANKAR
SCHOOL & COLLEGE
स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं....
स्थान सीमित
शीघ्र प्रवेश लें...
NURSERY TO 12TH
ENGLISH MEDIUM &
HINDI MEDIUM
Smart Classes
Play Way Education
Transport Facility Available
S.V. PUBLIC SCHOOL
प्रबन्धक
डॉ0 दुर्गाप्रसाद मणि त्रिपाठी
सरोज-विद्याशंकर इण्टर कॉलेज
छतनाग रोड, सरायतकी, झूँसी, प्रयागराज
9454175414, 9454529020, 7398685047

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
सुरेश कुमार चौधरी
ग्राम पंचायत आधिकारी वि.खण्ड नेवादा
जनपद कौशाम्बी

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
अजेय पाल
ग्राम प्रधान ग्राम पुरखास ब्लॉक नेवादा
तहसील चायल जनपद कौशाम्बी

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
अहमद रजा उर्फ मुन्ना रिजवी
ग्राम प्रधान मुस्तफा बाद ब्लॉक नेवादा
जनपद कौशाम्बी

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
सरोजा देवी
ग्राम प्रधान
सलाहपुर।

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
Code. : 831618
OYO
Available 24 hours
Hotel Classic
AC & Non AC Rooms
9389460662, 7599817528
बिसाहुली मोड़, भारत पैट्रोल पम्प के बराबर
अग्रसेन वाटिका मथुरा रोड, इगलास(अलीगढ़)

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
लवीश अग्रवाल
मथुरा रोड सराया बाजार इगलास अलीगढ़।

जय श्रीराम
श्री रामलीला उत्सव समिति
पार्कसाइट, विक्रोली, मुंबई-79
की
तरफ से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)
एवं कृष्ण जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, रामनवमी, नवरात्रि, दशहरा की
हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. श्री चंद्रशेखर आर शुक्ल
पूर्व प्रमुख मार्गदर्शक
श्री प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल
अध्यक्ष
एवं समस्त समिति के सम्मानित कार्यकारिणी गण

आप सभी को राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
दे सलामी इस तिरंगे को जिससे तेरी शान है
सर हमेशा ऊँचा रखना, जब तक तुझमें जान है।
मा. मुकुन्द मिश्रा
प्रदेश अध्यक्ष
सत्र: 2024-27
शीतल टण्डन
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (पंजीकृत)
जिला इकाई, सहारनपुर
रमेश अरोड़ा
जिला महामंत्री
कर्नल संजय मिड्ढा
जिला कोषाध्यक्ष
मेजर एस.के.सूरी
मुख्य संरक्षक
राजीव अग्रवाल
जिला संयोजक
संजय महेश्वरी
जिला प्रभारी
अभिषेक भाटिया
जिला संयोजक आई.टी.सेल

देश का कोना-कोना स्वच्छ,
सुंदर और सुरक्षित बनाएं...,
आओ जश्न-ए-आजादी मनाएं.
15TH AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
पीतम सिंह
ग्राम प्रधान- तोछीगढ़
ब्लॉक -इगलास
जिला -अलीगढ
मो -9058702643

15th AUGUST
INDIA INDEPENDENCE DAY
आप सभी देशवासियों को
आजादी के महापर्व पर 78वे
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..!
प्रधान ग्राम पंचायत कारस
-श्री मती पुष्पा देवी
प्रतिनिधि -अश्वनी कुमार पुत्र
श्री रक्षपाल सिंह निवासी गांव फतेहपुर ब्लॉक
इगलास जिला अलीगढ -मोबाइल 8193879155

15th AUGUST
INDIA INDEPENDENCE DAY
आप सभी देशवासियों को
आजादी के महापर्व पर 78वे
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..!
Bufeco
AC & NON AC
Room
Available
Hotel Crown Palace
BUNK BED
FAMILY ROOM
COUPLES ROOM
ROOM HI ROOM
6398402750
9758311075
9719570554

देश का कोना-कोना स्वच्छ,
सुंदर और सुरक्षित बनाएं...,
आओ जश्न-ए-आजादी मनाएं.
15TH AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
मंगल छम छम वाले
मथुरा रोड सराय बाजार इगलास अलीगढ़

15th AUGUST
INDIA INDEPENDENCE DAY
आप सभी देशवासियों को
आजादी के महापर्व पर 78वे
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..!
गोपाल सिंह
ग्राम प्रधान नौगमा
ब्लाक इगलास, अलीगढ़ मो,9761299819।

15th AUGUST
INDIA INDEPENDENCE DAY
आप सभी देशवासियों को
आजादी के महापर्व पर 78वे
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..!
रघ्घा सेठ
चमचम वाले
मथुरा रोड, सराय बाजार इगलास।
प्रोपराइटर दिनेश कुमार।